# जनरल बाजवा के लिए भस्मासुर बने इमरान खान

अवहेलना

## टोना करने वाली बीवी के इशारे पर भिड़े

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कराची। पाकिस्तान में नए आईएसआई चीफ को लेकर प्रधानमंत्री इमरान खान और सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा के बीच तलवारें खिंच गई हैं। जनरल बाजवा ने लेफ्टिनेंट जनरल फैज हामिद को डीजी आईएसआई के पद से हटाकर पेशावर का कोर कमांडर बनाया है। वहीं पीएम इमरान खान कई बार दबाव डालने के बाद भी इसके लिए तैयार नहीं हैं और वह लगातार सेना प्रमुख के फैसले की अवहेलना कर रहे हैं। यह वही सेना प्रमुख हैं जिन्होंने इमरान खान को सत्ता के शिखर पर बैठाया था। बताया जा रहा है कि इमरान खान अपनी रहस्यमय पत्नी बुशरा बीवी के इशारे पर सेना से भिड़ने का जोखिम ले रहे हैं।

सूत्रों के मुताबिक पाकिस्तान के पिछले आम चुनाव में इमरान खान के जीत की दूर–दूर तक संभावना नहीं थी लेकिन सेना ने हर तरीके से दबाव डालकर इस असंभव को संभव



करके दिखाया। पूरे अभी तक के कार्यकाल के दौरान सेना प्रमुख बाजवा ने लगातार इमरान खान की मदद की। अब वही इमरान खान सेना प्रमुख के लिए भस्मासुर बनते जा रहे हैं और एक सोची समझी रणनीति के तहत जनरल फैज हामिद का तबादला नहीं कर रहे हैं।

**इमरान की इच्छा, अगले चुनाव में उन्हें जीत दिलाएं फैज हामिदः** इमरान खान और उनकी बेगम बुशरा चाहती हैं कि फैज हामिद आईएसआई चीफ बने रहें ताकि वह विपक्ष पर दबाव बनाए रखें और अगले चुनाव में उन्हें जीत दिलाएं। जैसाकि वर्ष 2018 में उन्होंने किया था। इसके पुरस्कार स्वरूप इमरान खान ने वादा किया है कि वह जनरल फैज को नवंबर 2022 में बाजवा के रिटायर होने के बाद आर्मी चीफ बना देंगे। इमरान और फैज हामिद के इस खेल का पता सेना प्रमुख तथा अन्य लोगों को चल गया है और इसी वजह से यह पूरा वर्तमान संकट चल रहा है।

सूत्रों ने कहा कि जनरल बाजवा के एक और कार्यकाल विस्तार की अटकलों से इमरान खान और जनरल फैज भौचक्का रह गए। लोगों का यह भी कहना है कि अगर बाजवा एक और कार्यकाल चाहते हैं और इमरान खान उन्हें यह दे देते हैं तो इससे लेफ्टिनेंट जनरल फैज का सेना प्रमुख बनने का सपना टूट जाएगा। अगर बाजवा को यह विस्तार इमरान नहीं देते हैं तो पाकिस्तानी सेना प्रमुख राजनीति में खेल कर सकते हैं और आईएसआई की मदद से साल 2022 में ही चुनाव करवा सकते हैं। इसके बाद पाकिस्तानी सेना प्रमुख नए प्रधानमंत्री कार्यकाल विस्तार करवा सकते हैं। इससे इमरान और फैज हामिद के सपने चूर–चूर हो जाएंगे। इसी वजह से इमरान खान और जनरल फैज दोनों ही चाहते हैं कि आईएसआई की कुर्सी बनी रहे। वहीं पाकिस्तानी सेना में भी कई ऐसे शीर्ष जनरल हैं जो जिन्हें यह डर सता रहा है कि अगर जनरल फैज और इमरान खान की जोड़ी बनी रही तो अगले 6 साल तक उनके सेना प्रमुख बनने का रास्ता बंद हो जाएगा।

## न्यूज डायरी



### क्या परमाणु बम बनाने की ओर बढ़ रहा ईरान ?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तेहरान। ईरान के परमाणु कार्यक्रम को रोकने के लिए इजरायली सेना की हमला करने की धमकी से माहौल तनावपूर्ण हो गया है। इस बीच ईरान ने भी पलटवार करते हुए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को खत लिखा है। ईरान ने चेतावनी दी है कि इजरायली सैन्य कार्रवाई के गंभीर परिणाम होंगे। ईरान ने कहा कि इजरायल ने उकसावे वाली धमकियों को चेतावनी के स्तर तक पहुंचा दिया है। ईरान ने कहा कि इजरायली धमकियों से यह साबित होता है कि वह देश के शांतिपूर्ण परमाणु कार्यक्रम के खिलाफ पहले हुए हमलों के लिए जिम्मेदार है। दरअसल, ईरान ने 120 किलो 20: संवर्धित यूरेनियम का उत्पादन किया है। पिछले महीने संयुक्त राष्ट्र की न्यूक्लियर वॉचडॉग ने इसका आकलन किया था लेकिन ताजा आंकड़ा उससे कहीं ज्यादा है।

### पाकिस्तानी सेना में शामिल हुआ चीनी एयर डिफेंस सिस्टम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। भारतीय वायुसेना में एस–400 एयर डिफेंस सिस्टम के शामिल होने से पहले पाकिस्तान की सेना ने चीन निर्मित HQ&9-P HIMADS एयर डिफेंस सिस्टम को अपनी सेना में शामिल किया है। पाकिस्तान का दावा है कि चीनी एयर डिफेंस सिस्टम लंबी दूरी तक सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों से लैस है जो 100 किमी तक फाइटर जेट, क्रूज मिसाइलों और अन्य हथियारों को एक वार से तबाह करने में सक्षम है। पाकिस्तानी सेना के प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा ने गुरुवार को चीन निर्मित HQ&9/P HIMADS (हाई टू मिडियम एयर डिफेंस सिस्टम) को एयर डिफेंस सिस्टम में शामिल किया। पाकिस्तानी सेना की ओर से जारी आधिकारिक बयान में कहा गया है कि इस एयर डिफेंस सिस्टम के शामिल होने से अब पाकिस्तान की हवाई सुरक्षा काफी मजबूत हो गई है। उसने कहा कि यह एयर डिफेंस सिस्टम एक साथ कई लक्ष्यों को इंटरसेप्ट कर सकता है। करीब 100 किमी की दूरी तक आंखों से नहीं दिखाई देने वाले लक्ष्यों को भी निशाना बनाया जा सकता है।

### सर्जिकल स्ट्राइक की याद दिलाने पर आगबबूला हुआ पाकिस्तान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। जम्मू–कश्मीर में सक्रिय आतंकियों की कमर तोड़ने वाले भारत के सर्जिकल स्ट्राइक का नाम सुनकर पाकिस्तान को तीखी मिर्ची लग जाती है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के एक कार्यक्रम में सर्जिकल स्ट्राइक का जिक्र करने के बाद पाकिस्तान भड़क गया है। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने कहा है कि शाह का बयान गैरजिम्मेदाराना और भड़काने वाला है। पाकिस्तान ने सर्जिकल स्ट्राइक के बयान पर कहा कि यह गलतफहमी पर आधारित बयान है और हमारी सेना ऐसे किसी दुस्साहस का करारा जवाब देगी। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता असीम इफ्तिखार अहमद ने अपने बयान में आरोप लगाया कि शाह का बयान बीजेपी और आरएसएस के क्षेत्रीय तनाव को बढ़ाने की प्रवृत्ति का हिस्सा है।

### मंदिरों को तोड़ रहे थे मुस्लिम कट्टरपंथी, बुलाने पर भी नहीं आई पुलिस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ढाका। बांग्लादेश के कमीला इलाके में मुस्लिम कट्टरपंथियों के हिंदू मंदिरों में तोड़फोड़ के मामले में अब तक 4 लोगों की मौत हो गई है और कई अन्य लोग घायल हैं। स्थानीय हिंदू समुदाय के नेताओं ने बताया है कि कट्टरपंथी दुर्गापूजा पंडालों और मंदिरों को निशाना बना रहे थे लेकिन कई बार पुलिस को बुलाने के बाद भी नहीं आई। इस बीच देश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने ठोस कार्रवाई का भरोसा दिया है। हिंसा के चलते सरकार को 22 जिलों में अर्धसैनिक बलों की तैनाती करनी पड़ी है। स्थानीय लोगों ने बताया कि कट्टरपंथियों ने सुबह 11 बजे से 3 बजे के बीच में तीन बार चांदमोनी काली मंदिर पर हमला किया। उन्होंने राष्ट्रीय आपात सहायता हेल्पलाइन नंबर पर कई बार फोन किया लेकिन पुलिस नहीं आई। इस हिंसा के शिकार हुए अन्य सभी मंदिरों की प्रबंध समिति के लोगों ने भी इसी तरह के आरोप लगाए हैं।

## अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन अस्पताल में भर्ती

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन को संक्रमण के कारण स्वास्थ्य खराब होने के बाद दक्षिणी कैलिफोर्निया के एक अस्पताल में मंगलवार को भर्ती कराया गया, लेकिन अब उनके 'स्वास्थ्य में सुधार' हो रहा है। क्लिंटन के प्रवक्ता ने गुरुवार को यह जानकारी दी। क्लिंटन (75) के प्रवक्ता एंजेल यूरेना ने एक बयान में बताया कि पूर्व राष्ट्रपति को संक्रमण के कारण मंगलवार शाम को 'यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया इरविन मेडिकल सेंटर' में भर्ती कराया गया था।

क्लिंटन कोरोना वायरस से संक्रमित नहीं हैं। उरेना ने कहा, 'उनके स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है और वह अच्छा महसूस कर रहे हैं। वह बेहतरीन तरीके से उनकी देखभाल करने के लिए चिकित्सकों, नर्सों और अस्पताल कर्मियों के अत्यंत आभारी हैं।' कैलिफोर्निया के प्रवक्ता की ओर से जारी दूसरा बयान में चिकित्सकों डॉ. अल्पेश अमीन और डॉ. लीसा बर्डाक के हवाले से बताया गया कि पूर्व राष्ट्रपति को एंटीबायोटिक दवाएं और तरल पदार्थ दिया गया है। चिकित्सकों ने कहा, 'दो दिन के उपचार के बाद उनकी श्वेत रक्त कणिकाओं की संख्या कम हो रही है और एंटीबायोटिक दवाओं का उन पर असर हो रहा है।



शेख हसीना की नसीहत के बाद भी हबीगंज में बवाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** हबीबगंज। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के आश्वासन के बाद भी बांग्लादेश के हबीगंज जिले में एक दुर्गा पूजा स्थल पर गुरुवार को मदरसा के छात्रों और हिंदुओं के बीच हुई झड़प में एक पुलिसकर्मी सहित 20 से अधिक लोग घायल हो गए। बुधवार को कमिला में सांप्रदायिक हिंसा की घटनाओं के बाद शेख हसीना ने गुरुवार को सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया था। उन्होंने कहा कि कमिला में हुई घटनाओं की गहनता से जांच की जा रही है। किसी को बख्शा नहीं जाएगा। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि वे किस धर्म के हैं। उन्हें दंडित किया जाएगा।

## स्पेनिश द्वीप पर ज्वालामुखी में लगातार हो रहे विस्फोट, निकाले गए 7 हजार नागरिक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

300 और लोगों को उनके घरों से निकाल लिया गया है

मैड्रिड। स्पेन के ला पाल्मा द्वीप पर कंब्रे विएजा ज्वालामुखी में लगातार हो रहे विस्फोट के कारण बाकी 300 लोगों को उनके घरों से निकाल लिया गया है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, मंगलवार को 700 लोगों को अपने घर छोड़ने का आदेश दिया गया था, जिसका मतलब है कि द्वीप के लगभग 80,000 निवासियों में से लगभग 7,000 अब अस्थायी आवास में रहते हैं।

गत 9 अक्टूबर को ज्वालामुखी के उत्तरी हिस्से के आंशिक पतन के बाद से तीन सक्रिय लावा प्रवाह बढ़ गए हैं। यूरोपीय संघ

द्वीप के लगभग 80,000 निवासियों में से 7,000 अब अस्थायी आवास में रहते हैं

(ईयू) के कोपरनिकस उपग्रह द्वारा एकत्र किए गए डेटा से पता चलता है कि लावा गुरुवार तक लगभग 680 हेक्टेयर भूमि (द्वीप का क्षेत्रफल 70,800 हेक्टेयर) है, जो पिछले दिन की तुलना में 34 हेक्टेयर अधिक है। उपग्रह चित्रों से पता चलता है कि लावा प्रवाह से 1,600 से अधिक इमारतें प्रभावित हुई हैं।

इनमें से 1,548 नष्ट हो चुके हैं और बाकी खतरे में हैं। वर्तमान विस्फोट अब 26वें दिन हुआ है और पहले से ही 1971 के विस्फोट



की तुलना में पांच दिन से ज्यादा समय तक चला है, जो द्वीप को प्रभावित करने वाला अंतिम था। इससे पहले गुरुवार को ला पाल्मा में एक बार फिर 50 से ज्यादा झटके महसूस किए गए।

रिक्टर पैमाने पर अधिकतम तीव्रता 4.5 मापी गई, जो विस्फोट की शुरुआत के बाद से सबसे मजबूत है।

## जबरन मतांतरण और धार्मिक हत्याओं के चलते तेजी से घटी आबादी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान में वर्ष 2014 से इस्लामिक कट्टरपंथियों की ओर से सिखों के उत्पीड़न के मामले बढ़ गए हैं। इसके चलते पाकिस्तान में सिख समुदाय के लोगों के बीच अपने भविष्य को लेकर अनिश्चितता बढ़ गई है और पहले से अल्पसंख्यक सिखों की आबादी भी तेजी से घटी है। हाल ही में विगत 30 सितंबर को यूनानी दवाखाना चलाने वाले एक सिख सतनाम सिंह को खैबर पख्तूनवा के पेशावर स्थित दवाखाने में घुसकर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। बाद में इस हत्या की जिम्मेदारी आतंकी संगठन आइएस (दाएश) ने ली थी। पिछले साल जनवरी में मलेशिया में रहने वाले रविंदर सिंह को शादी करने के लिए पाकिस्तान वापस लौटने पर जान से मार दिया गया था। उसकी हत्या भी पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान के प्रांत खैबर पख्तूनवा के मरदान शहर में हुई थी। डेली सिख अखबार की रिपोर्ट के अनुसार सिख अधिकारों के हिमायती लोग कहते हैं कि वर्ष 2002 से पाकिस्तान में अल्पसंख्यक सिखों की आबादी आश्चर्यजनक रूप से लगातार कम होती जा रही है।